VOL-7, ISSUE-7-8, AUGUST 2021 ISSN- 2454-1184

वर्ष-७, अंक- ७-८ अगस्त २०२१

SEEMAANT

सीमान्त

AN INTERDISCIPLINARY AND MULTILINGUAL ANNUAL REFEREED JOURNAL

Editor-in-chief - Dr. Ratan Kumar

Department OF Hindi

Government Kamalanagar College

(Mizoram University)

Chawngte, Mizoram-796772

www.gknc.in

SEEMAANT (सीमान्त)

(AN INTERDISCIPLINARY AND MULTILINGUAL ANNUAL REFEREED JOURNAL)

VOL.7, ISSUE 7-8, August 2021, ISSN 2454-1184

UGC APPROVED JOURNAL

Published By:

Department OF Hindi

Government Kamalanagar College

Chawngte, Mizoram-796772

www.gknc.in

EDITORIAL BOARD:

1. Dr. Ratan Kumar, Editor-in-chief

2. Dr. Dheerendra Kumar Srivastav, Co-Editor

3. Dr. Satyajit Das, Co-Editor

ADVISORY CUM REFREE BOARD

1. Dr. Sanjay Kumar, Professor, Dept. Of Hindi, Mizoram University, Mizoram

2. Dr. S. D. Boral, Professor, Dept. Of English, Mizoram University, Mizoram

3. Dr.Gopaljee Pradhan, Professor, School of Liberal Studies, B.R. Ambedkar University, Delhi

4.Dr. Kedar Singh, Associate Professor, Dept. of Hindi, Vinoba Bhave University, Hazaribagh

5. Dr. Sakhawliana, Asst. Professor, Dept. Of P.A, Govt. K.N. College, Chawngte, Mizoram

EDITOR CONTACTS:

Dr. Ratan Kumar

Assistant Professor & Head, Dept. Of Hindi

Government Kamalanagar College, Chawngte

Mizoram-796772

Email: seemaantmizoram@gmail.com

Mobile no. +919436965444

PRINTED AT:

NICETY GRAPHICS

Link Road Point, Silchar, Assam

Mobile No. 7576007413

Annual Subscription Rs. 200/-

Triennial Subscription Rs.500/-

SEEMAANT (सीमान्त)

Content

1. संपादकीय लेख .....डॉ. धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव.....1--10

2. संपादकीय लेख .....डॉ. गोपालजी प्रधान.....11--14

3. हिंदी कथा साहित्य के आईने में झारखण्ड की जनजातियाँ.....

   डॉ. केदार सिंह.....15--20

4. आदिवासी स्त्री-अस्मिता एवं अस्तित्व के सवाल और निर्मला पुतुल.....

   डॉ. रतन कुमार.....21--28

5. मोहन राकेश की कहानियों में अकेलापन की त्रासदी.....

   डॉ. रामाधार प्रजापति 29--30

6. लोकतात्विक दृष्टि और तुलसी की कविता .....

   डॉ. धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव.....31--34

7. 'C.C. COY. NO. 27' Thawnthu Atanga A Ziaktu
   K.C. Lalvunga (Zikpuii pa) Thuchah…….Lalremliana……35--43

8. An Ecocritical study of Kalidasa's Abhighyan Shakuntala……
   Dr. Satyajit Das……..……44--50

9. Life Skills Education Initiatives in India for the Adolescents:
   Some challenges…..…… Dr. Rahul Sarania……51--57

10. Truth and Non-Violence: Concept of Gandhi…….Sukanta Mazumder…58--62

11. LOK AYUKTA: The Indian Ombudsman and its desirability in Mizoram…
    Laldinpuii…….63-73

12. Autonomy Movement With Especial Reference to the Formation of TTAADC
    Dr. Jyotir Moy Chakma……..……74--84

SEMANT (सीमान्त)

सम्पादकीय

महामारियों की तबाही और साहित्य एवं पत्रिकाओं पर उसका असर

भारत समेत पूरा विश्व इस समय कोरोना महामारी से जूझ रहा है। इसी का नतीजा है कि कोरोना की वजह से अब तक 3932997 (उन्तालीस लाख बत्तीस हजार नौ सौ सत्तानवे), 27 जून 2021 तक लोग काल के गाल में समा चुके हैं। इनमें से अकेले भारत में ही 395783 (तीन लाख पन्चानवे हजार सात सौ तिरासी), 27 जून 2021 तक कोरोना संक्रमितों की मौत हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक महामारी घोषित किया है। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है, जब दुनिया किसी महामारी की चपेट में आई हो। इससे पहले हैजा, प्लेग, चिकनपाक्स, इंफ्यूएंजा जैसे खतरनाक वायरस मानव जीवन में संकट खड़ा कर चुके हैं। मानव इतिहास में आयी ये महामारियाँ 30 से 50 करोड़ लोगों को डस चुकी है। आइये जानते हैं ऐसी ही कुछ महामारियों के बारे में बात शुरू करते हैं 1918 में फैले स्पेनिश से, स्पेनिश फ्लू को विश्व इतिहास का सबसे भयानक और बड़ी महामारी माना जाता है, इससे तकरीबन 10 करोड़ लोगों की मौत हो गयी थी। जब पहले विश्व युद्ध की 11 नवंबर 1918 को समाप्त हुई और सारे सैनिक सैन्य कैंप से अपने-अपने देश लौटने लगे। वहाँ से इन सैनिकों के माध्यम से यह बीमारी पूरे विश्व में फैल गया। ज्यादातर संक्रमितों के मरने के कारण या उनमें रोग के प्रतिरोधक क्षमता पैदा होने के कारण ये युद्ध 1919 में समाप्त हो गया।

साल 541 में फैले जस्टिनियन प्लेग को विश्व इतिहास की दूसरी सबसे घातक महामारी माना जाता है। मिस्र से शुरू होने वाली इस बीमारी ने धीरे-धीरे भूमध्य सागर के आसपास के पूरे इलाके और यूनानी साम्राज्य को अपनी चपेट में ले लिया। अगली दो शताब्दियों तक ये बीमारी आती-जाती रही और इससे लगभग पाँच करोड़ लोगों की मौत हो गयी थी जो उस समय की वैश्विक जनसंख्या का 26 प्रतिशत था।

भले ही हमें AIDS से बड़ी संख्या में मृत्यु की खबरें बेहद कम मिलती हों, लेकिन ये इतिहास की तीसरी सबसे घातक बीमारी साबित हुई है। 1918 में पहचाने जाने के बाद से लगभग 35 करोड़ लोग। AIDS का शिकार हो चुके हैं। AIDS का वायरस HIV संक्रमित व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता को पूरी तरह से नष्ट कर देता है और वो सामान्य बीमारियों से लड़ने के काबिल भी नहीं रह पाता। इसकी वैक्सिन आज तक नहीं बन पायी है। AIDS को पहली बार भले ही अमेरिका के समलैंगिक समुदाय में पाया गया हो, लेकिन माना जाता है कि य 1920 के दशक में पश्चिमी अफ्रीका के किसी चिम्पैंजी वायरस से निकला है। ये केवल शरीर के कुछ तरल पदार्थों के जरिये ही फैलता है।

14वीं सदी में फैली 'द ब्लैक डेथ' महामारी से केवल यूरोप में दो करोड़ लोगों की मौत हुई थी। एशिया से फैलना शुरू हुई ये बीमारी अक्टूबर 1347 में इटली के मेसीना बंदरगाह पर आये 12 हजार जहाजों के साथ यूरोप पहुँची। इन जहाजों में ज्यादातर लोग मृत पाये गये और जो जिंदा थे, वे बेहद बीमार थे। जहाजों को तत्काल वापस भेज दिया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और बीमारी धीरे-धीरे पूरे यूरोप में फैल गयी।

1855 में फैली 'तीसरी प्लेग महामारी' दुनिया के इतिहास की पाँचवीं सबसे घातक बीमारी साबित हुई है। ये प्लेग चीन से फैलना शुरू हुआ और जल्द ही भारत और हांगकांग में पहुँच गया। भारत में इस वायरस के कारण सबसे अधिक मौतें हुईं और इसे लेकर अंग्रेजों को विरोध का सामना भी करना पड़ा। पूरी दुनिया में इससे लगभग 1.5 करोड़ लोगों की मौत हुई। ये बीमारी 1960 तक सक्रिय रही।

हांगकांग फ्लू जिसको दूसरी श्रेणी के फ्लू के नाम से भी जाना जाता है। 1968 में इस बीमारी के सबसे पहले 13 मामले हांगकांग में मिले थे। इसके फैलने की गति इतनी तेज थी कि देखते ही देखते यह 17 दिनों के भीतर सिंगापुर और वियतनाम पहुँच गया। हांगकांग फ्लू का जन्म H3N2 कीटाणु की वजह से हुआ है। यह एक बार का इंफ्लूएंजा था। केवल तीन महीनों के भीतर ही भारत और अमेरिका समेत दुनिया के कई बड़े देश इसकी जद में आ चुके थे। इस बीमारी का डेथ रेट 5 प्रतिशत रहा, लेकिन हांगकांग में इसने ऐसा कहर बरपाया कि वहाँ पाँच लाख लोग यानी 15 प्रतिशत लोगों की मौत हो गयी।

एशियन फ्लू हांगकांग फ्लू से ही मिलती जुलती बीमारी है जो 1956 में आई। यह भी एक A ग्रेड का इंफ्यूएंजा है। जिसकी फैलने की वजह H2N2 है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट की मानें तो इस बीमारी ने 20 लाख लोगों की जान ले ली, जिसमें लगभग 70 हजार अकेले अमरीकी लोग ही थे। एशियन फ्लू का सबसे ज्यादा असर सिंगापुर, हांगकांग और अमरिका में दिखायी दिया।

फ्लू (इंफ्लूएंजा) भी मानव इतिहास के लिये एक बड़ा संकट बन चुका है। यह 1918 की बात है जब घातक इंफ्लूएंजा ने पूरी दुनिया को अपनी जद में ले लिया। इस बीमारी से 2.5 करोड़ लोगों की जान चली गयी। जबकि 50 करोड़ लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हो गये। इस इंफ्लूएंजा की खास बात यह थी कि यह युवाओं को अपनी चपेट में अधिक लेता था और जो किसी तरह इसकी चपेट से बाहर आते थे, उनका इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर हो जाता था।

हैजा उन बीमारियों में से एक है, जिसने भारतीयों को सबसे अधिक प्रभावित किया। शुरूआती दौर में ही इस खतरनाक बीमारी ने 8 लाख भारतीयों की जान ले ली। हालांकि मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, पूर्वी यूरोप और रूस भी इससे प्रभावित हुए बिना न रह सके।

दुनियाभर में एक बार फिर कोरोना वायरस ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। यह आज पूरी दुनिया में फैल चुका है। कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला देश अमरिका, भारत, ब्राजील, फ्रांस, रूस, इटली, तुर्की, स्पेन, जर्मनी है। दुनियाभर में कोरोना वायरस की वजह से रोजाना लाखों लोग संक्रमित हो रहे हैं। भले ही दुनिया के तमाम देशों में इसकी वैक्सिन आ चुकी है, लेकिन कोरोना के नए वेरिएंट्स के साथ ही 2021 में इसकी वापसी ने वैज्ञानिकों को भी चौंका दिया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने कोरोना वायरस को महामारी घोषित कर दिया है। कोरोना वायरस बहुत ही सूक्ष्म और प्रभावी वायरस है। कोरोना वायरस मानव के बाल की तुलना में 900 गुना छोटा है, जो केवल जीवित कोशिका में ही वंश वृद्धि कर सकता है। ये नाभिकीय अम्ल और प्रोटीन से मिलकर गठित होते हैं, शरीर के बाहर तो ये मृत समान होते हैं और शरीर के अंदर जाते ही ये जीवित हो जाते हैं। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें सामान्य आँखों से नहीं देखा जा सकता। इन्हें देखने के लिये सूक्ष्मदर्शी की आवश्यकता होती है।

कोरोना की उत्पत्ति सबसे पहले 1930 में एक मुर्गी में हुई थी और इसने मुर्गी के श्वसन प्रणाली को प्रभावित किया था और आगे चलकर 1940 में कई अन्य जानवरों में भी पाया गया। इसके बाद सन् 1960 में एक व्यक्ति में पाया गया जिसे सर्दी की शिकायत थी। इन सबके बाद वर्ष 2019 में इसका विकराल रूप दुबारा 2019 में चीन में देखने को मिला जो धीरे-धीरे पूरे विश्व में फैलता चला गया जो आज भी अनवरत जारी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना का नाम कोविड 19 (COVID 19) रखा है, जहाँ CO का अर्थ CORONA, VI का अर्थ VIRUS, D का अर्थ DISEASE और 19 का अर्थ साल 2019 मतलब जिस वर्ष में यह महामारी पैदा हुई। इस वायरस को सबसे पहले चीन के बुहान प्रान्त में देखा गया जो धीरे-धीरे पूरे विश्व में फैल चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को महामारी घोषित कर दिया है, जो दुनियाभर में तेजी से फैल रहा है और बहुत ही घातक वायरस है।

इसके लक्षण फ्लू से मिलते-जुलते हैं। कोविड 19 (कोरोना वायरस) में पहली बार बुखार होता है। इसके बाद सूखी खांसी होती है और फिर एक हफ्ते बाद साँस लेने में परेशानी होने लगती है। इन लक्षणों का मतलब हमेशा कोरोना है ऐसा नहीं है। कोरोना वायरस के गंभीर मामलों में निमोनिया, साँस लेने में बहुत ज्यादा परेशानी, किडनी फेल होना और यहाँ तक कि मौत भी हो सकती है। बुजुर्ग या जिन लोगों को पहले से अस्थमा, मधुमेह या हार्ट की बीमारी है उनके मामले में खतरा गंभीर हो सकता है। जुकाम और फ्लू के भी वायरसों में इस तरह के लक्षण पाये जाते हैं। तेज बुखार आना, अगर किसी व्यक्ति को सूखी

खाँसी के साथ-साथ तेज बुखार है तो उसे एक बार जरूर जाँच करानी चाहिये, यदि आपके शरीर का तापमान 99.0 और 99.5 डिग्री फारेनहाइट है तो उसे बुखार नहीं मानेंगे। अगर तापमान 100.0 डिग्री फारेनहाइट (37.7 डिग्री सेल्सियस) या उससे ऊपर पहुँचता है तो तभी ये चिंता का विषय है। कफ और सूखी खाँसी में पाया गया है कि कोरोना वायरस कफ होता है, मगर संक्रमित व्यक्ति को सूखी खाँसी आना, इसके संक्रमण के फलस्वरूप बुखार, जुकाम, साँस लेने में तकलीफ, नाक बहना और गले में खरास जैसी समस्यायें उत्पन्न होती हैं। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इसलिये इसे लेकर बहुत सावधानी बरती जा रही है। यह वायरस दिसम्बर में सबसे पहले चीन में मिला था और यहीं से इसके दूसरे देशों में पहुँचने की आशंका जतायी जाती है। लेकिन अब ये विश्व के अधिकांश देशों में यह वायरस फैल चुका है। कोरोना वायरस चीन में उतनी तीव्र गति से नहीं फैल रहा है, जितनी दुनिया के अन्य देशों में फैल रहा है। कोविड 19 नाम का यह वायरस अब तक 70 से ज्यादा देशों में फैल चुका है। कोरोना के संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए सावधानी बरतने की जरूरत है ताकि इसे फैलने से रोका जा सके।

कोरोना के प्रमुख लक्षण बुखार आना, सर्दी, खाँसी और जुकाम आना, गले में खरास, शरीर में थकान, साँस लेने में दिक्कत (जो सबसे प्रमुख है), माँसपेशियों में जकड़न, लम्बे समय तक थकान आदि हैं। इसकी सक्रियता निम्न प्रकार के आयु वर्ग समूह पर अधिक है।

आयु	मृत्यु दर
0-19 वर्ष	0.2%
20-29 वर्ष	0.09%
30-39 वर्ष	0.18%
60-70 वर्ष	5.0%
80 से अधिक	18.0%

कोरोना का संक्रमण बड़ी आसानी से फैल जाता है और इसकी अब तक कोई समुचित दवा नहीं मिली है, इसलिये इसे बहुत घातक रोग की श्रेणी में रख गया है। कोरोना के मामले दिन-प्रतिदिन पूरी दुनिया में बढ़ते जा रहे हैं। WHO ने इसे महामारी घोषित कर दिया है। इतिहास इस बात का गवाह है कि प्रत्येक 100 वर्ष पर दुनिया में कोई न कोई महामारी जरूर आती है और इससे बचने का सबसे अच्छा उपाय है बचाव।

कुछ ऐसी बातें जिसे मानकर आप खुद को इस महामारी से बचा सकते हैं। जैसे- हमेशा हाथ धोएँ, अपने मुँह को बार-बार न छुएँ, एक-दूसरे से 2 गज की दूरी बनाकर रहें, बहुत आवश्यक न हो तो घर से न निकलें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें, एक-दूसरे

से हाथ न मिलायें, मास्क का प्रयोग हमेशा करें, कम से कम 20 सेकेंड तक साबुन से हाथ धोएँ।

विश्व स्वास्थ्य संगठन(WHO), पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड और नेशनल हेल्थ सर्विस (NHS) से प्राप्त सूचना के आधार पर आपको कोरोना से बचाव के तरीके बताये गये हैं। एयरपोर्ट पर यात्रियों की स्क्रीनिंग हो या फिर लैब में लोगों की जाँच, सरकार ने कोरोना वायरस से निपटने के लिये कई तरह की तैयारियाँ की हैं। इसके अलावा भी किसी तरह की अफवाह से बचने, खुद की सुरक्षा के लिये कुछ निर्देश जारी किये हैं जिससे कि कोरोना वायरस से निपटा जा सकता है।

लगभग 18 साल पहले सार्स वायरस से भी ऐसा ही खतरा बना था। 2002-03 में सार्स की वजह से पूरी दुनिया में 700 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। पूरी दुनिया में हजारों लोग इससे संक्रमित हुए थे। इसका असर आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ा था। कोरोना वायरस के बारे में अभी तक इस तरह के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं कि कोरोना वायरस पार्सल, चिट्ठियों या खाने के जरिये फैलता है। कोरोना वायरस जैसे वायरस शरीर के बाहर बहुत ज्यादा समय तक जिंदा नहीं रह सकते।

कोरोना वायरस को लेकर लोगों में एक अलग ही तरह की बेचैनी देखने को मिलती है। वे मास्क और सेनेटाइजर को लेकर कुछ ज्यादा ही सजग हैं जबकि लोग मास्क की जगह गमछे, रूमाल या तौलिये का प्रयोग कर सकते हैं और सेनेटाइजर का प्रयोग वहाँ करना चाहिये जहाँ पानी की दिक्कत हो। आप बार-बार साबुन से हाथ धोयेंगे तो भी बेहतर है।

कोरोना से अब तक पूरे विश्व में 181559867 (अट्ठारह करोड़ पन्द्रह लाख उनसठ हजार आठ सौ सड़सठ), 27 जून 2021 तक ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। विश्व के कुछ प्रभावशाली देश जैसे कि अमेरिका, इटली, भारत, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ईरान आदि जैसे देश भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। पूरे विश्व में इस विनाशकारी महामारी ने तबाही मचा रखी है। अब जाकर इसके लिये वैक्सिन तैयार हुआ है जिससे लोगों में इस वायरस से लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है। इन वैक्सिनों में कोविशिल्ड, कोवैक्सिन, फाइजर जैसे वैक्सिनों की प्रमुखता है।

महामारियों के कथानक पर केन्द्रित अतीत की साहित्यिक रचना में आज के संकटों की भी शिनाख्त करती हैं। ये हमें मनुष्य की जिजीविषा की याद दिलाती है और साथ ही साथ नैतिक मूल्यों के पतन, अहंकार, अन्याय और नश्वरता से भी आगाह करती है। इतिहास गवाह है कि अपने-अपने समय में चाहे कला हो या साहित्य, संगीत हो या सिनेमा तमाम रचनाओं में महामारियों की भयावहताओं को चित्रित करने के अलावा अपने समय की विसंगतियों, गड़बड़ियों और सामाजिक द्वंद्वों को भी रेखांकित किया है। ये रचनायें सांत्वना,

धैर्य और साहस का स्रोत भी बनी हुई है, दुःखों और सरोकारों को साझा करने वाला एक जरिया और अपने समय का मानवीय दस्तावेज है।

समकालीन विश्व साहित्य में महामारी पर विशद कृति 'प्लेग' को माना जाता है। कहा जाता अल्जीरियाई मूल के विश्व प्रसिद्ध फ्रांसिसी उपन्यासकार अल्बैर कामू अपने उपन्यास 'प्लेग' के जरिये नात्सीवाद और फांसीवाद को उभारा और उनकी भयानकताओं के बारे में बता रहे थे। इसमें दिखाया गया है कि कैसे स्वार्थों, महत्वाकांक्षाओं और विलासिताओं से भरी पूँजीवादी आग्रहों तथा दुष्चक्रों वाली दुनिया में किसी महामारी का हमला कितना व्यापक और जानलेवा हो सकता है कि कैसे वो खुशफहमियों और कथित निर्भयताओं के विशाल पर्दे वाली मध्यवर्गीय अभिलाषाओं को तहस-नहस करता हुआ एक अदृश्य दैत्य की तरह अंधेरों और उजालों पर अपना कब्जा जमा सकता है।

प्लेग उपन्यास का एक अंश है ''हर किसी को पता है कि महामारियों के पास दुनिया में लौट आने का रास्ता होता है, फिर भी न जाने क्यों हम उस चीज पर यकीन ही नहीं कर पाते हैं, जो नीले आसमानों से हमारे सिरों पर आ गिरती है....जब युद्ध भड़कता है तो लोग कहते हैं ''ये बहुत बड़ी मूर्खता है, ज्यादा दिन नहीं चल पायेगा। लेकिन युद्ध कितना ही मूर्खतापूर्ण क्यों न हो, ये बात उसे चलते रहने से नहीं रोक पाती है। मूर्खता के पास अपना रास्ता बना लेने का अभ्यास होता है, जैसा कि हमें देख लेना चाहिये। अगर हम लोग हमेशा अपने में ही इतना लिपटे हुए न रहें।''

'प्लेग' के जरिये कामू समाज के हृदयाहीनता को भी समझाना चाहते थे। वे दिखाना चाहते थे कि समाज में पारस्परिकता की भी भावना से विच्छिन्न लोग किस हद तक असहिष्णु बन सकते हैं। लेकिन वो आखिरकार मनुष्य के जीने की आकांक्षा का संसार दिखाते हैं। इसी तरह कोलम्बियाई कथाकार ग्राव्रिएल गार्सिया मार्केस का मार्मिक उपन्यास 'लव इन द टाइम ऑफ कॉलेरा' प्रेम और यातना के मिले-जुले संघर्ष की करुण दास्तान सुनाता है जहाँ महामारी से खत्म होते जीवन के समानान्तर प्रेम के लिये जीवन को बचाये रखने की जद्दोजहद एक विराट जिद्द की तरह तनी हुई है।

प्लेग, चेचक, इंफ्लूएंजा, हैजा, तपेदिक आदि बीमारियों ने घर-परिवार ही नहीं शहर के शहर उजाड़े हैं और पीढ़ियों को एक गहरे भय और संत्रास में धकेला है। चेचक को दुनिया से मिटे 40 साल से ज्यादा हो चुके हैं। पिछले साल दिसम्बर में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने इस बात का जश्न भी मनाया था लेकिन 20वीं सदी के शुरूआती वर्षों में ये एक भीषण महामारी के रूप में करोड़ों लोगों को अपने आगोश में ले चुकी थी। रवीन्द्रनाथ टैगोर की काव्य रचना 'पुरातन भृत्य' (पुराना नौकर) में एक ऐसे व्यक्ति के बारे में दिखाया गया है जो अपने मालिक की देखभाल करते हुए चेचक की चपेट में आ जाता है। 1903 में टैगोर ने

अपनी तपेदिक से जूझती 12 साल की बेटी को स्वास्थ्य लाभ के लिये उत्तराखण्ड के नैनीताल जिले के पास रामगढ़ की हवादार पहाड़ी पर कुछ महीनों के लिये रखा था लेकिन कुछ ही महीनों में उसने दम तोड़ दिया। उसके 4 साल बाद उनके बेटे की भी मृत्यु हो गयी। टैगोर ने रामगढ़ प्रवास के दौरान 'शिशु' नाम से अलग-अलग उपशीर्षकों वाली एक बहुत लंबी कविता शृंखला लिखी थी। 1913 में छपी इन कविताओं के संग्रह का नाम 'अर्धचन्द्र' कर दिया गया था। टैगोर की इन रचना संसार से एक पंक्ति देखिये-

अंतहीन पृथ्वियों के समुद्र तटों पर मिल रहे हैं बच्चे
मार्गविहीन आकाश में भटकते हैं तूफान
पथविहीन जलधाराओं में टूट जाते हैं जहाज
मृत्यु है निर्बंध और खेलते हैं बच्चे
अंतहीन पृथ्वियों के समुद्र तटों पर बच्चों की चलती है,
एक महान बैठक।

इसी तरह निराला ने अपनी आत्मकथा 'कुल्लीभाट' में 1918 के दिल दहलाने वाले फ्लू से हुई मौतों का जिक्र किया है। उसमें उनकी पत्नी, एक साल की बेटी और परिवार के कई सदस्यों और रिश्तेदारों की जानें चली गयी थीं। निराला ने लिखा था कि दाह संस्कार के लिये लकड़ियाँ कम पड़ जाती थीं और जहाँ तक नजर जाती थी, गंगा के पानी में इंसानी लाशें ही लाशें दिखायी देती थीं। उस बीमारी ने हिमालय के पहाड़ों से लेकर बंगाल के मैदानों तक सबको अपनी चपेट में ले लिया था। बेटी की याद में रचित 'सरोज स्मृति' तो हिन्दी साहित्य की एक मार्मिक धरोहर है।

टाइम्स ऑफ इंडिया अखबार में अविजित घोष ने प्रगतिशील लेखक आंदोलन के संस्थापकों में एक पाकिस्तानी लेखक, कवि अहमद अली के उपन्यास 'टू वाइलाइट इन देल्ही' का उल्लेख किया है। उपन्यास में बताया गया है कि महामारी से मरे लोगों को दफनाने के लिये कैसे कब्र खोदने वालों की किल्लत हो जाती है और दाम आसमान छूने लगते हैं। इतने बड़े पैमाने पर वो काम हो रहा था कि दिल्ली मुर्दों का शहर बन गया था। प्रगतिशील लेखक संगठन के पुरोधाओं में एक रजिन्दर सिंह बेदी की कहानी 'क्वारंटीन' में महामारी से ज्यादा उसके बचाव के लिये निर्धारित उपायों और पृथक किये गये क्षेत्रों के खौफ का वर्णन है। यानी एक विडम्बनापूर्ण और हास्यास्पद सी स्थिति ये आती है कि महामारी से ज्यादा मौतें क्वारंटीन में दर्ज होने लगती हैं।

फणीश्वरनाथ रेणु के उपन्यास 'मैला आँचल' में मलेरिया और कालाजार की विभीषिका के बीच ग्रामीण जीवन की व्यथा का उल्लेख मिलता है। प्रेमचन्द की कहानी 'ईदगाह' में हैजे का जिक्र है। उड़िया साहित्य के जनक कहे जाने वाले फकीर मोहन सेनापति की 'रेबती'

कहानी में भी हैजे के प्रकोप का वर्णन है। जाने-माने कन्नड़ कथाकार यू.आर. अनन्तमूर्ति की बेमिसाल रचना 'संस्कार' में एक प्रमुख किरदार की मौत प्लेग से होती है। ज्ञानपीठ अवार्ड से सम्मानित मलयाली साहित्य के साहित्यकार तकबी शिवशंकर पिल्लै का उपन्यास 'थेत्तियुडे माकन' (मैला साफ करने वाले का बेटा) में दिखाया गया है कि किस तरह एक पूरा का पूरा शहर एक संक्रामक बीमारी की चपेट में आ जाता है।

उधर विश्व साहित्य पर नजर डाले तो कामू से पहले भी लेखकों ने अपने-अपने समयों में बीमारियों और संक्रामक रोगों का उल्लेख अपनी रचनाओं में किया है। ब्रिटेन के मशहूर द गार्जियन ने एक सूची निकाली है। जिसमें डेनियन डेफो का 'ए जर्नल ऑफ द प्लेग इयर' (1722), मैरी शैली का लिखा 'द लास्ट मैन' (1826), एडगर एलनपो की कहानी 'द मास्क ऑफ द रेड डेथ' (1842), कामू का 'प्लेग' (1947), माइकल क्रिस्टन का 'द एन्ड्रोमेड स्ट्रेन' (1969), स्टीफन किंग का 'द स्टैंड' (1978), रीचर्ड प्रोस्टन का 'द हाट जोन' (1994) का जिक्र है। नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध पुर्तगाली उपन्यासकार जोसे सारामायो ने 1995 में 'ब्लाइंडनेस' नामक उपन्यास लिखा था, जिसमें अंधेपन की महामारी टूट पड़ने का वर्णन है। 2007 में जिम क्रेस ने 'द पेस्ट हाउस' लिखा, जिसमें लेखक को अमेरिका के प्लेग से संक्रमित अंधेरे भविष्य की कल्पना की है। 2013 में डैन ब्राउन का 'इंफर्नो' और मार्ग्रेट एटवुड का 'मैड एडम' और 2014, 2015 तथा 2017 में लोकप्रिय ब्रिटिश लेखिका लुइस वेल्स के 'प्लेग टाइम्स' टाइटल के तहत तीन उपन्यास प्रकाशित हुए।

आज के कोरोना समय में जब अधिकांश लेखक बिरादरी आनलाइन है तो दुनिया ही नहीं भारत में भी विभिन्न भाषाओं में कवि, कथाकार सोशल मीडिया के जरिये खुद को अभिव्यक्त कर रहे हैं। डायरी, निबंध, नोट्स, लघुकथा, व्याख्यान और कविता लिखी जा रही है, कहीं चुपचाप तो कहीं सोशल नेटवर्किंग वाली मुखरता के साथ। भारत में खासकर हिन्दी क्षेत्र में विभिन्न लेखक संगठन, व्यक्ति और प्रकाशन संस्थान फेसबुक लाइव जैसे उपायों के जरिये लेखकों से उनकी रचनाओं और उनके अनुभवों को साझा कर रहे हैं। हालांकि इस काम में प्रकाशित हो जाने की हड़बड़ी और होड़ जैसी भी देखी जा रही है और अपने-अपने आग्रहों और पसंदों के आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं और वास्तविक दुर्दशाओं से किनाराकशी के आरोप भी हैं। हिन्दी कवि संजय कुन्दन कहते हैं कि हो सकता है जो आज सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है, वो साहित्य की कसौटी पर खरा न उतरे और गुणवत्ता में कमतर रह जाये लेकिन उन्हीं के बीच ऐसी रचनायें भी अवश्य आयेंगी जो आगामी वक्तों के लिये संघर्ष, यातना और संशय के घटाटोप से भरे इस भयावह जटिलताओं वाले समय की सबसे प्रखर और संवेदनपूर्ण दस्तावेज कहलाने वाली होंगी।

कोरोना काल सबकी जिन्दगी बदलने वाला है। यह परिवर्तन आने वाले समय में साहित्य पर भी दिखे, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। वस्तुतः साहित्य का संसार मूलरूप से लेखकों, प्रकाशकों और पाठकों से मिलकर बनता है। इसमें लेखक और पाठक जहाँ एक बौद्धिक क्षेत्र का निर्माण करते हैं वहीं प्रकाशकों के लिये इसका वितरण और वाणिज्य महत्वपूर्ण होता है। इनमें से अगर कोई भी एक कड़ी अपनी भूमिका को लेकर ईमानदार न रहे तो साहित्य का संसार प्रभावित होगा। अब कोरोना वायरस किस प्रकार इस दुनिया में खलबली मचा रहा है। इसे देखना भी बेहद दिलचस्प होगा। दरअसल लेखकों की दृष्टि वर्तमान परिवर्तनों पर है और वो इस बेचैनी को व्यक्त करना भी चाहते हैं। वैसे भी संकट का काल रचनात्मकता को एक नई ऊर्जा देता है, क्योंकि इस दौरान जीवन में व्यापक तौर पर उथल-पुथल होती है। संभव है कि यह काल हिन्दी साहित्य के दृष्टिकोण से कुछ अनोखा हो जाये, क्योंकि जिस तरह से युवा लेखक अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। वह उम्मीदें जगाने वाला है। पाठकों के लिये इस नई दृष्टि को महसूस करने का अवसर होगा ये दोनों ही दीर्घकालिक प्रभाव वाले बिन्दु हैं, किंतु जो पक्ष तत्काल प्रतिक्रिया दे रहा है वह है प्रकाशक।

प्रकाशकों के सामने अभी एक चुनौती है कि वो पाठकों के साथ बने रहें। ऐसे समय में जब किताबें भौतिक रूप से पाठकों तक नहीं पहुँच पा रही हों, उस स्थिति में यह थोड़ा मुश्किल है। इसके लिये प्रकाशक अलग-अलग उपाय अपना रहे हैं। कोई ई-बुक तो कोई आडियो बुक के माध्यम से पाठकों तक पहुँच रहे हैं। हिन्दी साहित्य के कई प्रकाशक तकनीक के माध्यम से मुफ्त में ही कुछ चुनिंदा पुस्तकें उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम खतरनाक हो सकते हैं।

यदि इस संकट का फायदा कोई बड़ी कंपनी इस रूप में उठाना चाहे कि वह घाटा वहन करके भी बाजार में बनी रहे तो यह बाजार भावना के विपरीत है। इसके बाद पाठकों का दबाव अन्य प्रकाशकों पर भी आयेगा कि वे भी मुफ्त में किताबें उपलब्ध करायें। छोटे प्रकाशकों के पास इतनी वित्तीय क्षमता नहीं है कि वे मुफ्त के इस खेल में टिक सकेंगे। ऐसे में बहुत संभव है कि कोरोना संकट में मुफ्त किताबें देने का यह प्रयोग अंततः एकाधिकारवादी बाजार नियंत्रण में बदल जाये और प्रकाशकों की विविधता समाप्त हो जाये।

विगत छः वर्षों से पूर्वोत्तर भारत के मिजोरम राज्य में स्थिति गवर्नमेंट कमलानगर कॉलेज, चोंगते से निकलने वाली पत्रिका 'सीमान्त' पत्रिकाओं की दुनिया में अपना अलग पहचान बनाती है। गैर हिन्दी भाषी क्षेत्र और हिन्दी भाषी क्षेत्र के लोगों के लिये यह पत्रिका एक सेतु का काम करती है। इसका मुख्य कारण हिन्दी भाषा के साथ-साथ भारत के विभिन्न भाषाओं में रचित साहित्यिक और गैर साहित्यिक लेखों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ

उसको अपनी पत्रिका में स्थान देना है। जो इस पत्रिका को सभी पत्रिकाओं में अपनी एक अलग पहचान बनाने में मदद करती है।

कोरोना काल में सब कुछ प्रभावित हुआ, चाहे व्यक्तिगत जीवन हो, सामाजिक जीवन हो, व्यवसायिक जीवन हो या साहित्यिक जीवन। हर जगह हताशा और निराशा का माहौल रहा। पत्रिकाओं पर भी इसका प्रभाव पड़ा। बहुत सारी छोटी बड़ी पत्रिका या तो बन्द हो गयी या आगामी अंक नहीं निकाल पायीं। इससे प्रकाशक वर्ग और लेखक वर्ग दोनों प्रभावित हुए। इसका सबसे बड़ा कारण आर्थिक तंगी रहा। 'सीमांत' पत्रिका भी उनमें से एक हो सकती थी। लेकिन ये पत्रिका अपने संपादक और उनकी टीम मैनेजमेंट के कारण एक बार फिर नये तेवर और नये कलेवर में पाठकों के सामने उपस्थित है। ये सब पत्रिका के पाठकवर्ग के प्रेम और उसमें छपे सारगर्भित लेखों का ही परिणाम है। इस पत्रिका में छपे लेख प्रमाणिकता की कसौटी पर पूरी तरह कसी जाती है और साहित्यिक मापदण्डों का पालन करती हैं, जो इसकी विशेष पहचान है।

'सीमांत' पत्रिका हमेशा अपने उद्देश्यों को पूरा करने की पूरी कोशिश करती है, जो पत्रिका को खास बनाती है। आप सबके बीच 'सीमांत' पत्रिका का यह संयुक्तांक अगस्त 2020 का सातवाँ और अगस्त 2021 का आठवाँ अंक उपस्थित है। जिस तरह से 2015 से इस पत्रिका को आपका प्यार और दुलार मिलता रहा है, उम्मीद है आगे भी मिलता रहेगा। मैं विशेष धन्यवाद 'सीमांत' पत्रिका के प्रधान संपादक, संपादक मण्डल और परामर्शदाता मण्डल को देना चाहूँगा जो इस कठिन दौर में भी पत्रिका संचालन का जिम्मा उठाये हुए हैं। इस संयुक्तांक में हमने साहित्यिक और गैर साहित्यिक ऐसे लेखों को शामिल किया है जो पूर्वोत्तर भारत की साहित्यिक समझ को हमारे सामने रखता है, वहाँ की सांस्कृतिक, राजनीतिक, भौगोलिक गतिविधियों के बारे में हमारा ज्ञानार्जन करता है।

अन्त में सीमान्त टीम की तरफ से आप सबसे यही अपील है कि घर पर रहें, सुरक्षित रहें। ज्यादा जरूरी न हो तो घर से न निकलें। मास्क का हमेशा इस्तेमाल करें। कोरोना गाइडलाइन का पालन करें। अगर हम कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हैं तो वो दिन दूर नहीं होगा जब भारत कोरोना पर विजय पा जायेगा।

डॉ. धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

****

सम्पादकीय

नये समय की आहट

कोरोना के चलते दुनिया दो साल से ठहरी हुई है। कोई नहीं जानता कि इसके बाद की तस्वीर कैसी होगी। जो लोग भी इस महामारी से बचे रहे उनमें से लगभग सबको एक तरह की दुश्चिंता ने ग्रसित कर रखा है। तत्काल की समस्या रोजगार से जुड़ी हुई है। कहने की जरूरत नहीं कि इतनी लम्बी बंदी ने बड़े पैमाने पर रोजगार छीन लिये। नोटबंदी से तबाह हुए अर्थतंत्र ने थोड़ा संभलना शुरू ही किया था कि महज चार घंटे की सूचना पर की गयी क्रूर देशबंदी ने कामगारों को सड़क पर ला दिया। पूरी दुनिया ने आंख फाड़कर पैदल या साइकिल पर हजारों किलोमीटर का सफर करके घर लौटते मजदूरों का काफ़िला देखा। विभाजन के बाद दूसरी बार लोगों को किसी और की सनक का नतीजा भुगतना पड़ा। इतिहास में दर्ज होने लायक इस महायात्रा की गवाह वे खून सनी रोटियां भी बनीं जो रेल की पटरी के किनारे कटी लाशों के साथ बिखरी पड़ी थीं। इस भयावह मानव त्रासदी को अभी कलाओं की दुनिया में दर्ज होना बाकी है। सरकारों और फैसला करने में सक्षम अधिकारियों ने जैसी बेरुखी दिखायी वैसी बेरुखी तो गुलामों के भी प्रति भी नहीं दिखायी जाती रही होगी! बुजुर्गों की मौत पर पेंशन की जिम्मेदारी कम होने का जश्न भी मनाया गया। टीकों से कमाई के मामले में निजी अस्पतालों ने खूब अंधेरगर्दी मचायी। सैनिटाइजर और मास्क के मामले में भी मुनाफ़ा लूटने में कोई पीछे नहीं रहा। अस्पताओं में बिस्तर और चिकित्सा की सुविधा तो नहीं ही मिली, उसकी शर्मिंदगी भी रत्ती भर नहीं नजर आयी। तभी तो दहाड़कर संसद में झूठ बोला गया कि आक्सीजन की कमी से किसी मरीज की मौत नहीं हुई। निजी अस्पतालों में सुविधा और दवाओं की उपल्बधता मुहैया कराने में भेदभाव बरता गया। शायद ही कोई होगा जिसका निकट संबंधी या परिवारी इस महामारी में स्वास्थ्य की सरकारी व्यवस्था की भेंट न चढ़ा हो! लोगों ने पुराने जमाने के हैजा और स्पैनिश फ़्लू से होनेवाली मौतों को टूटकर याद किया मानो सौ सालों से चिकित्सा विज्ञान में कोई प्रगति न हुई हो!

इस सिलसिले में सभी लोग कयास ही लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आगे का समय कैसा और क्या होगा। अगर हम कोरोना के बाद के भविष्य की चिंता करना चाहते हैं तो एक नजर उसके ठीक पहले के बदलावों पर डालनी होगी। असल में तो कोरोना के दौरान भी वही हुआ जो इसके पहले से चल रहा था। बस उसकी रफ़्तार काफी तेज हो गयी। हाल के दिनों में हम अपने देश का जिक्र अमेरिका के साथ करने लगे हैं। पिछली लहर में उसके राष्ट्रपति

ट्रम्प ने जिस तरह का गैर जिम्मेदार आचरण किया था उसकी नकल हमने इस लहर में की। कोरोना से ठीक पहले दुनिया की बड़ी चिंता के रूप में विषमता की चर्चा चल रही थी। मशहूर अर्थशास्त्रियों के बीच बहस जारी थी कि इस समस्या का समाधान किस तरह निकाला जाये। उनकी चिंता का कारण यह था कि अगर सामान्य लोगों के पास धन होगा ही नहीं तो उत्पादित वस्तुओं की खरीदारी कौन करेगा। कोरोना के दौरान इसमें कोई कमी आने की जगह बढ़ोत्तरी ही हुई है। अचरज की तरह दिखायी पड़ा कि कारखानों और व्यापार ठप होने के बावजूद अमीरों की संपत्ति में इजाफ़ा होता जा रहा है। इसको समझने की कोशिश में पता चला कि इसकी वजह बैंकों की लूट है। बैंकों का कर्जा लेकर विदेश भागने वालों की खबरों से लगा मानो नया भारत छोड़ो आंदोलन चल रहा हो! देश से भागकर विदेश जा बसने वाले सभी पूंजीपति बैंकों का कर्जा डकार गये। इस मामले में सर्वोच्च पद पर बैठे लोग भी सहयोगी के बतौर लिप्त पाये गये। जो भाग गये उनके बारे में खबरें आयीं कि सत्तासीन पार्टियों को चुनावी चंदा देकर भागने का प्रबंध किया है। भाग जाने वालों से बड़ी तादाद उनकी है जो देश में मौजूद हैं लेकिन बैंकों का कर्ज नहीं लौटा रहे हैं। लोग इस बात को समझ नहीं रहे कि बैंक जो कर्ज देता है वह हमारा ही धन है और अगर कोई पूंजीपति कर्ज की रकम डकार जाता है तो यह खुली डकैती ही है। हाल के हिंदुस्तानी अरबपतियों में से अधिकतर इसी तरह की डकैती और लूट से अमीर बन रहे हैं। इसे केवल अर्थतंत्र की बात समझना उचित नहीं होगा। इसका सबसे अधिक असर देश की चुनावी राजनीति और लोकतंत्र पर पड़ रहा है।

कोरोना का गहरा प्रभाव देश की शिक्षा व्यवस्था पर भी पड़ने जा रहा है। हम सबने देखा कि शिक्षा पाने की इच्छा के साथ जिन वंचित तबकों ने शिक्षा संस्थानों में प्रवेश किया था उन पर अचानक आफत टूट पड़ी है। मंहगे फोन और इंटरनेट का बाजार खूब फल फूल रहा है। उम्मीद थी कि महामारी के बाद देश के शिक्षा संस्थान खुलेंगे लेकिन शिक्षा मंत्रालय ने आपदा को अवसर में बदलते हुए इस व्यवस्था को स्थायी बनाने का संकल्प कर लिया है। निश्चित है कि इससे शिक्षकों की तादाद में कमी आयेगी। विद्यार्थी न तो अपने साथ पढ़ने वालों से और नही शिक्षकों से मिल सकेंगे और जिस संस्थान से भी उन्हें उपाधि मिलेगी उसका प्रत्यक्ष दर्शन किये बिना ही वे सभी कक्षाओं में उत्तीर्ण होते चले जायेंगे। शिक्षण संस्थानों की जमीनों पर बहुत दिनों से भू माफ़िया की नजर थी। अब उसका व्यावसायिक उपयोग का तर्क आसानी से दिया जा सकेगा। संस्थान में जाकर कोई भी विद्यार्थी आम तौर

पर थोड़ा खुलापन महसूस करता है। उसे अपनी उम्र के सहपाठियों का साथ मिलता है तो सामाजिक और जिम्मेदार नागरिकता का विकास होता है। इस महामारी के दौरान ही हमें सावधानी के साथ बदलते माहौल को देखना होगा। कहने की जरूरत नहीं कि किताब की पूरी मौजूदगी का रिश्ता अध्ययन अध्यापन के इस भौतिक वातावरण पर निर्भर है।

समूची दुनिया में विषमता के बढ़ने की प्रवृत्ति पहले से थी, कोरोना से उसकी गति तेज हो गयी। इन नये अमीरों ने सरकार को लगभग अपनी जागीर बना रखा है और सरकार देश की परिसंपत्तियों को औने पौने दाम पर इन अमीरों को बेच रही है। बदले में केवल उनसे चुनाव लड़ने का चंदा ले रही है। चंदे के लिए पहले नियम था कि बीस हजार के ऊपर का चंदा नकद नहीं लिया जा सकता इसलिए सभी पार्टियों को उन्नीस हजार नौ सौ निन्यानबे रुपये का चंदा ज्यादा मिलता था। इस पर रोक लगाने के नाम पर सरकार ने व्यवस्था की कि बैंक में पार्टियों के नाम से चुनावी बांड खरीदे जा सकते हैं। इनकी कोई सीमा नहीं होगी और इसे गोपनीय रखा जायेगा। नतीजा यह हुआ कि किस पार्टी को कौन कितना चंदा दे रहा है इसकी सूचना जनता को नहीं होती लेकिन सरकार को होती है। इस सूचना के बल पर सरकार ने अपनी पार्टी के अलावा विपक्षी पार्टियों को चंदा देने वालों को दंडित करना शुरू किया। फिलहाल केवल सत्ताधारी पार्टी को ही सारा चंदा जा रहा है। इसका बड़ा हिस्सा उन पूंजीपतियों ने दिया है जो बैंकों से कर्ज लेकर उसे लौटा नहीं रहे हैं। इस तरह लोकतंत्र मुट्ठी भर थैलीशाहों की जेब में चला गया है। सब ने अचरज के साथ देखा कि आस्ट्रेलिया में खनन के लिए एक ठेका जिस पूंजीपति को मिला उसे कर्ज देने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की महाप्रबंधक भी साथ ही गयी थीं। प्रधानमंत्री, संबंधित पूंजीपति और महाप्रबंधक की एक साथ की वह तस्वीर ही हमारे समय का सबसे बड़ा मुहावरा बनी। कोरोना को अवसर समझकर उस पूंजीपति के हाथ हवाई अड्डों से लेकर रेल स्टेशन तक सब कुछ बेशर्मी के साथ बेचा जा रहा है। इसके लिए तमाम तरह के कानून आनन फानन में पारित कराये जा रहे हैं। जब अध्यादेशों से काम नहीं चल रहा है तो संसद तक को कैद कर लिया जा रहा है।

इससे होने वाली बदहाली से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए झूठी देशभक्ति का उन्माद पैदा किया जा रहा है। पहले देशभक्ति का मतलब देश के बाशिंदों की खुशहाली के लिए चिंतित होना समझा जाता था। फिलहाल इसका मतलब देश के ही कुछ लोगों को उत्पीड़ित करना हो गया है। सांप्रदायिक अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव बहुत ही व्यवस्थित शक्ल लेता जा रहा है। सरकार का काम नागरिकों की सेवा करना होता है लेकिन सरकार ने

इसे उलटकर नागरिक तय करने का मनमाना कायदा बना लिया है। नागरिकों पर संदेह की इस सरकारी प्रवृत्ति ने निगरानी के इतने बड़े और खर्चीले साधन पर जनता का धन पानी की तरह बहाने का कारण खोज लिया है कि सोचकर भी झुरझुरी होती है। आखिर इतने भयभीत लोग देश और जनता की सेवा कैसे करेंगे! हिंदी कवि जयशंकर 'प्रसाद' की कविता याद आ रही है- भयभीत सभी को भय देता, भय की उपासना में विलीन। यह पूरी परिस्थिति सिक्के का केवल एक पहलू है। अमेरिका में इसी कोरोना के दौरान अश्वेतों ने ऐतिहासिक आंदोलन खड़ा किया और ट्रम्प को चुनावी शिकस्त खानी पड़ी। हमारे देश में भी किसानों की भारी तादाद पिछले आठेक महीनों से राजधानी के चारों ओर डेरा डाल रखा है।

ऐसे हालात में ढेर सारे लोगों ने बताया है कि कोरोना के बाद की दुनिया वही होगी जिसे हम इस समय बनायेंगे। एक ओर इस महामारी का बहाना लेकर लोकतांत्रिक हकूक का गला घोंटा जा रहा है तो दूसरी ओर सामान्य लोग अपने साथ होनेवाले भेदभाव की मुखालफ़त के जरिये अपने लोकतांत्रिक अधिकारों पर दावा ठोंक रहे हैं। यह लड़ाई कोरोना के पहले से जारी थी, कोरोना के दौरान जारी है और कोरोना के बाद भी जारी रहेगी। आखिरकार भविष्य की दुनिया वही होती है जिसका हम निर्माण करते हैं। प्रत्येक पीढ़ी अपने पहले की सामाजिक समस्याओं को ही हल करने के क्रम में न ये समाज का ताना बाना बुनती है। इस महामारी के दौरान हम सब ने न केवल दुनिया भर में झूठ, नफ़रत और तानाशाही का उभार देखा बल्कि उससे लगातार जूझते हुए अपनी आजादी को बरकरार रखने के अटूट संकल्प के गवाह भी हम सभी रहे हैं। आगामी दुनिया की बेहतरी की उम्मीद के साथ यह अंक प्रस्तुत है।

गोपाल प्रधान

****

हिन्दी कथा साहित्य के आईने में झारखण्ड की जनजातियाँ

डॉ. केदार सिंह

एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग,

विनोबा भावे विश्वविद्यालय,

हजारीबाग-825301 (झारखण्ड)

जीवन की जटिलताओं को सहजता से नृत्य, संगीत में डुबोकर जंगलों, पहाड़ों और घाटियों आदि दुर्गम क्षेत्रों में निवास करना, कठिन से कठिन परिस्थितियों से भी जुझने की जिद और अपने अस्तित्व को बनाए रखने की कला हमें आदिवासियों से सीखनी चाहिए। अपने सीमित संसाधनों में सिमटकर रहते हुए बाहरी दुनिया से बेखबर, हम सभ्य समाज से अधिक सुखी दिखने वाले ये आदिवासी हीं तो हैं। सभ्यता से दूर रहकर अपने हिस्से का भी वैभव बाँटनेवाले, हमारे लिए बेताल कथा की तरह दिलचस्प बने हुए हैं।

यह विडंबना है कि यहाँ के मूल निवासी आदिवासियों का जीवन राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सहित्यिक स्तर पर हाशिए में पड़ा हुआ है। जबकि भारतीय संविधान की धारा 342 (1) के अन्तर्गत कुल 212 आदिम जातियों को अनुसूचित जनजातियों में शामिल किया गया है। सन् 1991 की जनगणना के अनुसार देश में अनुसूचित जनजातियों की कुल संख्या देश की कुल आबादी का 9.55 प्रतिशत है तथा बिहार राज्य में यह अनुपात 10.6 प्रतिशत है। "झारखंड में इनकी कुल संख्या 2011 के जनगणनानुसार - 86 लाख 45 हजार 42 है"।[1]

"भाषा वैज्ञानिक स्तर पर आदिवासी या जनजातियों की भाषाएँ दो भाषा परिवार से विकसित हुई हैं आस्ट्रिक परिवार एवं द्रविड़ परिवार। आस्ट्रिक परिवार से संथाली, मुंडारी, हो, खड़िया, बिरहोरी, करमाली, लोहरा, असुरी, विरजिया, खेरवार, चेरा आदि भाषाएँ विकसित हुई हैं और द्रविड़ परिवार से कुड़ुख और माल्टो आदि भाषाएँ विकसित हुई हैं।"[2]

झारखंड के परिप्रेक्ष्य में देखा जाय तो यह क्षेत्र आबादी के आवागमन की दृष्टि से जनजातीय होने के बावजूद एक खुला क्षेत्र रहा है। अंग्रेजों के लगभग 175 वर्षों के शासन काल से यह क्षेत्र सामाजिक, सांस्कृतिक स्तर पर कई करवटें बदल चुका है। देश तथा विदेशों से अनेक जाति, धर्म, सम्प्रदाय के लोगों ने इसके निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फलतः आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, साहित्य के समानान्तर अन्य कई भाषाई समूहों की उपस्थिति भी प्रभावी रही है। इनके बीच आदान-प्रदान भी हुए हैं। किन्तु यह सच है कि हिन्दी-भाषी समाज ही जीवन के अन्य मोर्चे की तरह सांस्कृतिक एवं साहित्यिक स्तर पर

नेतृत्व कर रहा है। ध्यातव्य है कि शासन, शिक्षा, संचार और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के रूप में हिन्दी अपने दायित्व को तत्परतापूर्वक निभा रही है। हिन्दी-भाषा समाज से अलग सांस्कृतिक समूहों की अभिव्यक्ति भी इसके माध्यम से होती है, जिससे गुमनाम आदिवासी जीवन या क्षेत्रीय साहित्य भी रौशन होता है। आदिवासी या जनजातीय क्षेत्र की हिन्दी का यह साहित्यिक सफर अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। इसमें देश, काल, समाज, संस्कृति की धड़कनें समायी हुई हैं। विषय विविधता की दृष्टि से कहानी, कविता, उपन्यास, नाटक, व्यंग्य, समीक्षा, के साथ-साथ लोक साहित्य, आत्मकथा, साहित्येतिहास, जीवनी, संस्मरण, डायरी, रेखाचित्र, शब्दचित्र, अनुवाद, निबंध, गीतिकाव्य जैसी महत्त्वपूर्ण विधाओं से यहाँ का जनजातीय साहित्य भरा पड़ा है। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय भाषाओं में भी जनजातीय साहित्य का सृजन हो रहा है। इस प्रकार आदिवासी साहित्य को समृद्ध करने के लिए एक ओर जहाँ हिन्दी भाषा-भाषी साहित्यकार लगे हुए हैं, वही जनजातीय तथा क्षेत्रीय भाषा-मुंडारी, हो, कुडुख, खड़िया, खोरठा, नागपुरी आदि के भी साहित्यकार लगे हुए हैं।

जंगल, पहाड़, खेत से जुड़े यहाँ के आदिवासियों की स्थिति बेहतर नहीं है, खासकर महिलाओं की। यहाँ के विकास में स्त्री पुरुषों की सामान्य भागीदारी रही है। स्त्री-पुरुष दोनों ने मिलकर हर परिस्थितियों का मुकाबला किया है। ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था की बात करें तो यहाँ के विकास में पुरुषों से बढ़कर महिलाओं का योगदान है। बावजूद इसके यहाँ की महिलाएँ शोषण का शिकार हो रही हैं। स्त्रियों की कमाई का अधिकांश हिस्सा पुरुष शराब, हड़िया, मांस आदि में उड़ा देते हैं और स्त्रियों की स्थिति दीन-हीन बनी रह जाती है। यहाँ शिक्षा के अभाव के कारण महिलाओं पर डायन, ओझा-गुणी का आरोप लगाकर इन्हें तिरस्कृत किया जाता है। यहाँ के युवतियों की ज्यादा दर्दनाक स्थिति है। यहाँ की लड़कियाँ निश्छल भाव से रोजी-रोजगार एवं सुखद भविष्य निर्माण के लिए दूसरे राज्यों में जाती हैं वहाँ उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। मैंने अपनी एक छोटी सी कविता 'साहेब' में इन लड़कियों के दर्द को उकेरने का प्रयास किया है-

साहेब

साहेब!

आपने कहीं देखा है

मेरी अलहड़ सी जवान बेटी को ?

तीन माह पहले आई थी वह एक ठेकेदार के साथ

इसी शहर के ईंट भट्ठे में काम करने के लिए

क्या कहा

उसका नाम बताऊँ ?

भला उस दुधिया चांदनी के समान
फुदकते नटखट टुकड़े का कोई नाम हो सकता है ?
आप शहरी लोग अपने बच्चों को
भले ही कोई नाम से पुकारते हैं
हम जंगली आदिवासी तो उन्हें
उनके पाँव की आहट से सुनते हैं
और गंध से पहचानते हैं
क्या कहा वह यहाँ काम करने नहीं आई है ?
नहीं ऐसा मत कहिए साहेब
आज भी उस जंगली रास्ते ने
सहेज रखे हैं अपने सीने पर
उसके पाँव के अनगिनत निशान
विदा देते
पेड़ों की टहनियों के आँसू
हिलते पर्वतों के हाथ
थर्राते पक्षियों की चोंच
क्या कहा
उसकी कोई तस्वीर दूं ?
उसकी तस्वीर तो
पठारी नदियों की तरह बलखाती
जंगली लताओं की तरह छरहरी
हिरणी की तरह शोख, चंचल
कुलांचे भरने वाली
आज भी मेरे जेहन में बसी है
क्या कहा-
उसके फटे कपड़े हैं आपके पास ?
नहीं ऐसा नहीं कहिए साहेब
मैं केलेज के टुकड़े को
अपने सीने से लगाकर
वापस उन्हीं जंगलों में
लौट जाना चाहता हूँ।[3]

SEEMANT (सीमान्त)

यहाँ स्त्री-पुरुष के संबंधों में भी काफी बिखराव की स्थिति मिलती है। घर-गृहस्थी, जंगल, खेत आदि में काम करने के बाद भी इन्हें उचित स्थान एवं सम्मान नहीं मिलता। इन तमाम विषयों को लेकर अनेक कहानियाँ लिखी गईं हैं। इनमें सर्वप्रथम नाम राधाकृष्ण जी का आता है। इनकी कहानी 'कोयले की जिन्दगी' एक ऐसी ही कहानी है जहाँ आदिवासी स्त्रियाँ अपने ही समाज के पुरुषों द्वारा प्रताड़ित की जाती हैं। पुरुषों के लिए शराब, हड़िया आवश्यक है। इसके लिए ज्यादातर स्त्रियों को ही पैसों की व्यवस्था करनी पड़ती है।

आदिवासी जीवन से सम्बद्ध, जनजातियों पर आधारित हिन्दी भाषा में वैद्यनाथ पोद्दार जी की कहानी 'सतीत्व की रक्षा' का प्रकाशन विक्रम संवत 1982 में 'छोटा नागपुर पत्रिका' में हुआ था। संभवतः झारखंड क्षेत्र में हिन्दी कहानी में आदिपुरुष पोद्दार जी हीं हैं। 1950-60 के आस-पास झारखंड में कथा लेखकों की संख्या में वृद्धि होने के साथ ही साहित्य के सामाजिक फलक का भी विस्तार हुआ। आदिवासी समाज को लेकर कहानी, उपन्यास लिखने वाले योगेन्द्र नाथ सिन्हा जी आते हैं। सिन्हा जी के दो उपन्यास 'वन के मन में' और 'वन लक्ष्मी' आदिवासियों पर केन्द्रित हैं। कथाकार योगेन्द्र नाथ सिन्हा यद्यपि झारखंड के नहीं थे, तथापि इस मिट्टी से लगाव एक आदिवासी से कम नहीं था। सरकारी नौकरी के क्रम में सिन्हा जी पहाड़ों, जंगलों के संपर्क में आए थे। उन्होंने आदिवासियों के प्रति उमड़ी अपनी संवेदना एवं सहानुभूति को चार कहानी संकलन- 'पहाड़ की पुकार', 'दुम्बी हो', 'चलो बादलों में छिप जायें', 'मूँछ की लड़ाई', दो उपन्यास- 'वन लक्ष्मी', 'वन के मन में', एक किशोर कथा- 'रचना जंगल में मंगल', संस्मरण, और यात्रा वृत्त के माध्यम से व्यक्त किया।

जमशेदपुर के गुरुवचन सिंह एवं कमल जोशी जी का भी नाम इस सन्दर्भ में लिखा जाना चाहिए। गुरुवचन सिंह मध्यवर्गीय तथा निम्नवर्गीय जीवन के कथा शिल्पी थे। इनके पात्र आर्थिक विसंगतियों से जुझते रहने के बावजूद विद्रोही तेवर नहीं रखते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि गुरुवचन जी ने आदिवासियों को ही अपने कथा-पात्रों के रूप में लिया था। गुरुवचन सिंह के कई कहानी संकलन हैं- 'युग का देवता', 'नीम की निबौलियाँ', 'धरती के बेटे', 'एक और निवेदन और बुझी हुई राख' आदि। 'दशमेश' को जीवनी साहित्य के रूप में काफी प्रतिष्ठा मिली। 'वन पाखी' नामक उपन्यास को गुरुवचन जी ने यहाँ की मिट्टी एवं यहाँ के आदिवासियों को समर्पित किया है। कमल जोशी जी ने भी 'चार के चार', 'फूलों की माला', 'पत्थर की आँख', 'ब्रहम माया', 'बादलों के बीच धूप', आदि कहानी संकलनों और 'बहता तिनका' नामक लघु उपन्यास के माध्यम से इस मिट्टी की पहचान बनाई। इसी समय भवभूति मिश्र का लेखन भी उस क्षेत्र के लिए हुआ।

सन् 1957 के बाद के कथा लेखकों में विसेश्वर प्रसाद केसरी, कालीकिंकर, श्रवण कुमार गोस्वामी, विद्याभूषण आदि साहित्य लेखन के क्षेत्र में आए, जिन्होंने अपने साहित्य के

माध्यम से आदिवासियों को प्रेरित किया, जागृत किया। 1960 के आस-पास के कथाकारों में भालचन्द्र ओझा जी का आगमन होता है। सन् 1962 ई में ओझाा जी की 62 कहानियाँ 'ईश्वर पैदा हुए' नामक संकलन में प्रकाशित हुईं। 'आँख' नामक एक उपन्यास एवं 'साँवला पानी' नाम से एक लघु उपन्यास भी प्रकाशित हुआ। 'साँवला पानी' का मुख्य पात्र एक आदिवासी युवक है। इसी समय दक्षिण भारतीय सी भास्कर राव जी का कथासाहित्य में पदार्पण हुआ। भास्कर जी ने 'सुब्बा राव का राशनकार्ड', 'दौड़ते रहो दण्डपाणि', तथा 'जोहार गेपु दा' आदि कहानी संकलनों के माध्यम से यहाँ की जनजातियों को वाणी दी।

मनमोहन पाठक जैसे कथाकार का पदार्पण सातवें दशक के आस-पास होता है। पाठक जी इस आदिवासी, जनजातीय क्षेत्र के कथाकारों में धरती पुत्र साबित हुए। इन्होंने डाल्टेनगंज रोहतास के आस-पास रहने वाले उराँव आदिवासियों को लेकर आधुनिक व्यवस्था, वर्ग वैषम्य, आदि को 'ललमुनिया की गाय' और 'कुलोदा महताइन' संकलनों की कहानियों का वर्ण्य विषय बनाया। 'गगन घटा घहरानी' कबीर की इस पंक्ति को अपने उपन्यास का शीर्षक-बनाकर पाठक जी ने आदिवासी एवं जनजातियों को प्रस्तुत किया।

9वें दशक में आदिवासियों को स्वर देने वाले कथाकारों में नारायण सिंह, रमा सिंह, जयनन्दन, ऋता शुक्ल, वासुदेव आदि का आगमन होता है। कथाकार वासुदेव एक ऐसे लेखक का नाम है, जिन्होंने जनजातीय लेखन के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। इन्होंने अपनी कहानियों में आदिवासी जीवन और परिवेश के प्रति सद्भावना पूर्वक विचार किया है।

हजारीबाग के रतन वर्मा कृत कहानी संकलन 'दस्तक' में आदिवासी जीवन को दर्शाया गया है। आकाशवाणी, हजारीबाग में कार्यरत वर्तमान में राँची निवासी पंकज मित्र ने 'बैल का स्वप्न' कहानी में उराँव जाति का चित्रण किया है तो 'कस्बे की लोककथा' में बिरहोरों की जीवन्त प्रस्तुती की है। तथा 'चमनी गंझु की मुस्की' के माध्यम से आदिवासियों के बाह्य प्रदर्शन का वर्णन किया है। झारखंड के आदिवासियों को सजगता पूर्वक कथा-साहित्य में चित्रण करने वाले रणेन्द्र जी का उपन्यास 'ग्लोबल गाँव का देवता' तथा 'लालचन असुर' काफी महत्त्वपूर्ण है। इसी माटी की लेखिका 'महुआ माजी की कहानी' 'मोइनी की मुस्कान' तथा 'मैं बोरिशाइल्ला' उपन्यास भी इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है। ज्ञानोदय में प्रकाशित कमल जी की कहानी 'ओ अल्बर्ट' जनजातियों पर बाजारवाद से प्रभावित है। इसके अतिरिक्त स्वयं आदिवासी साहित्यकार भी हिन्दी एवं विभिन्न जनजातीय भाषाओं में अपनी मिट्टी की महक बिखेर रहे हैं।

हर युग, हर क्षेत्र का साहित्य मानव को वृहत्तर मूल्यों की ओर अनुप्रेरित करता है। आज का दौर जबकि विश्वासों, आस्थाओं की दृष्टि से विघटन और संक्रमण का है, भाषावाद,

क्षेत्रवाद का है, बावजूद इसके यहाँ का साहित्य सृजन जिजीविषा, जीवन के प्रति अगाध विश्वास, निष्ठा और मूल्यों से युक्त है।

साहित्य सृजन का उद्देश्य 'सह हितं भावं साहित्यं' होना चाहिए। प्रतिक्रियावादी नहीं। आजाद भारत में चुनावी राजनीति, दलित, स्त्री तथा जनजातीय विमर्श के नाम पर प्रतिक्रियावादी साहित्य का सृजन किया जा रहा है। जातियों के आधार पर वोट बैंक और ठेकेदार विकसित किए जा रहे हैं। सामाजिकता की बलि दी जा रही है। इन विषम परिस्थितियों से जनजातियों को बचाना होगा।

भारतीय समाज का 10वाँ हिस्सा जनजाति है और झारखण्ड का चौथा हिस्सा। यह सच है कि आज भी ये पूरी तरह आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक स्तर पर मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए हैं। भूख, बीमारी एवं अशिक्षा के कारण इनका जीवन बेहाल है। अनेक जनजातियाँ एवं उनकी बोलियाँ विलुप्त होने के कगार पर हैं। जंगलों में निवास करने वाले बिरहोरों की दुर्दशा एवं दयनीय स्थिति आज किसी से छुपी हुई नहीं है।

जिस भाषा ने मनुष्य को मनुष्य बनाया, साहित्य ने संस्कारित किया उसी भाषा एवं साहित्य के माध्यम से जनजातियों एवं आदिवासियों के सम्मान की भी रक्षा होनी चाहिए।

संदर्भ संकेत:-

1. झारखण्ड सरकार के जनगणना 2011 के अनुसार।
2. तिवारी, श्री भोलानाथ: 'भाषा विज्ञान'
3. सिंह, केदार: 'पत्थरों के शहर में खो गया है गाँव', एजूकेशन बुक सर्विस, नई दिल्ली, संस्करण-2011, पृ 01

****

SEEMAANT (सीमान्त)

आदिवासी स्त्री-अस्मिता एवं अस्तित्व के सवाल और निर्मला पुतुल

डॉ. रतन कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी
गवर्नमेंट कमलानगर कॉलेज
चोंगते, मिजोरम

दुनिया की आधी आबादी कही जाने वाली स्त्री जाति हमारे देश में परंपरागत रूप से हाशिये का जीवन जीने के लिए बाध्य है। वर्तमान में चल पड़े विमर्शों में स्त्री विमर्श के माध्यम से भारतीय स्त्री हाशिये उलांघती नज़र आती है। अपनी अस्मिता और अस्तित्व के सवाल का जवाब ढूँढ़ती हुई गल्ली से दिल्ली तक छलांग लगा रही है। किंतु पुरूषों के चंगुल से अपनी मुक्ति को तलाशती इन चंद महिलाओं ने अपनी लेखनी को अपने तक ही सीमित कर लिया है। हाशिये के समाज की महिलाओं की ओर उनका ध्यान नहीं गया। नतीज़तन दलित विमर्श की भी अनदेखी के कारण दलित स्त्री-लेखन उभर कर सामने आया। यहाँ तक पहुँचकर भी स्त्री समाज का एक हिस्सा उपेक्षित ही रह जाता है। पुरूषों के समान हकदार कही जानेवाली आदिवासी स्त्री क्या अपनी अस्मिता और अस्तित्व के सवाल से मुक्त है? कहने के लिए तो 'मुक्ति' शब्द बड़ा आसान है। पर जलने का दर्द तो राख़ ही जानती है। हां, बात सही है कि आदिवासी स्त्री कभी अपने समाज के पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती थी। बाहरी सभ्य समाज के घुसपैठ के साथ ही आदिवासी स्त्रियों का हक भी छीन लिया गया।

अंग्रेजों के आगमन से पूर्व आदिवासी समाज में सभी कार्य स्त्री और पुरूष समान रूप से करते थे, संपत्ति का अधिकार समान होता था। वह उनके आगमन के पश्चात् संपत्ति के अधिकार से स्त्रियों को वंचित रखने तथा पुरूष वर्चस्व की दृष्टि से उन्हें हल चलाने, घर का छप्पर छाने या तीर-धनुष चलाने जैसे कामों से वर्जित कर दिया गया। आदिवासी स्त्री एक ओर वर्तमान बाज़ारवाद के कारण मुख्यधारा के समाज से शोषित है तो दूसरी ओर स्त्री होने के कारण अपने ही समाज में शोषित है। इस दोहरे शोषण के दर्द में भी वह अपनी अस्मिता और अस्तित्व को नहीं भूलना चाहती है। निर्मला पुतुल डंके की चोट पर नगाड़े की तरह शब्दों को बजाते हुए इस अन्याय का विरोध करती है। वह अपने समाज की स्त्रियों के साथ हो रहे अन्याय को बखुबी जानती है। वह लिखती हैं कि -

"जानती हूँ कि अपने गाँव बागजोरी की धरती पर
जब तुमने चलाया था हल ...।

पता है बस्ती की नाक बचाने ख़ातिर
तब बैल बनाकर हल में जोता था
जालिमों ने तुम्हें
खूँटे में बाँधकर खिलाया था भूसा ...।
भरी पंचायत में सरेआम
नाच न दी जाओ नंगी 'पकूलमराण्डी' की तरह
बस रहने दो।"[1]

अपने ही समाज द्वारा इस प्रकार के व्यवहार को सुनकर किसी के भी रोंगटे खड़े होना स्वाभाविक है। "पुतुल की लड़ाई तथाकथित 'सभ्य' समाज के विरूद्ध ही नहीं बल्कि अपने समुदाय में पनप रहे महाढोंगियों के विरूद्ध भी है।"[2] अपने ही समाज में उसे एक भोग की वस्तु भर समझा जाता है। वह पुरूष के चंगुल में कैसे फँसी? रमणिका गुप्ता के शब्दों में - "मनुष्य के मौलिक जीन्स से भी अधिक मनुष्य की भौगोलिक, आर्थिक, राजनैतिक स्थितियों और परिवेश पर ही मनुष्य का विकास आधारित है। स्त्री पर भी यही लागू होता है। बावजूद इसके, एक साझी व्याख्या तो स्त्री की समझ में आ ही गई है कि पुरूष ने उसके मन को गुलाम बनाने से पहले उसे परिवार, ब्याह, संतान और समाज की लक्ष्मण रेखाओं के बाड़े में कैद करके उसके शरीर को गुलाम बनाया और उसे सभी अधिकारों से वंचित किया। पुरूष को जब जरूरत हो प्यार, अलिंगन व चुंबन के हथियार का इस्तेमाल कर या उसके रूप का बखान कर उसे गौरवान्वित किया - सर्वोत्तम करार दिया, लेकिन उसके सब अधिकार छीन लिए ताकि वह उसी के प्रति समर्पित रहे।"[3] आज वह शारीरिक दर्द के साथ-साथ मानसिक दर्द झेलने के लिए भी विवश है। पितृसत्तात्मक समाज में उसे जीवनभरपुरूष पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में उसके साथ रिश्तों के रूप में खिलवाड़ किया जाता है। वह एक ही साथ स्थापित और निर्वासित होती रहती है। स्त्री की इस दर्दनाक पीड़ा को निर्मला पुतुल अभिव्यक्त करती हैं -

"तन के भूगोल से परे
एक स्त्री के
मन की गाँठ खोलकर
कभी पढ़ा है तुमने
उसके भीतर का खौलता इतिहास

अगर नहीं

तो फिर जानते क्या हो तुम

रसोई और बिस्तर के गणित से परे

एक स्त्री के बारे में....।"[4]

पुरूष ने स्त्री के तन के अंदर झाँककर देखने की तक कभी कोशिश नहीं की है। ऐसे में निर्मला पुतुल जानना चाहती है कि पुरूषों के लिए हम स्त्रियां आखिर हैं क्या? कभी पुरूषों के कदम से कदम मिलाकर चलने वाली आदिवासी स्त्री अब उसके लिए घर के उपयोगी वस्तुओं के बराबर मात्र रह गयी है। वह पूँछती है-

"क्या हूँ मैं तुम्हारे लिए...?

एक तकिया

कि कहीं से थका-मांदा आया और सर टिका दिया ... ।

या ख़ामोशी-भरी दीवार

कि जब चाहा वहाँ कील ठोक दी ... ।

क्यूँ? कहो, क्या हूँ मैं तुम्हारे लिए?"[5]

आदिवासी स्त्री विवाह के लिए अपनी इच्छा से वर चुनती थी, स्वछंद प्रेम करती थी। पर आज उसके वह सभी अधिकार छीन लिए गए हैं। आज उसे अपने बाबा से गुहार लगाना पड़ रहा है कि-

"बाबा! मुझे उतनी दूर मत ब्याहना... ।

मत ब्याहना उस देश में

जहाँ आदमी से ज्यादा

ईश्वर बसते हों

जंगल नदी पहाड़ नहीं हो जहाँ

वहाँ मत कर आना मेरा लगन।"[6]

उसके इस गुहार में इतनी वेदना है कि उससे किसी भी सहृदय मनुष्य का हृदय पिघल जाना स्वाभाविक है।

वह अपनी संस्कृति को बनाए रखना चाहती है। उसे वही जंगल, नदी, पहाड़ अच्छे लगते हैं जो अपने बाबा के घर में हैं। वह अंदर ही अंदर सहमी हुई है कि जहाँ उसे ब्याहा जाएगा क्या वहाँ यह सबकुछ मिल पाएगा? क्या उसे प्यार करने वाला पति मिल पाएगा?

आज वह जानने लगी है उसके खिलाफ होने वाले षड्यंत्र को। चाहे वह आंतरिक हो या बाहरी। "वह इस छदम् को पहचान गई है। आज वह घर, परिवार, पुरूष का सुरक्षात्मक छाता, रिश्तों की भावनात्मक बेड़ियां - सभी को नकार अपनी अस्मिता के निर्माण के लिए जूझने लगी है।"[7] निर्मला जी बाहरी पुरूषों द्वारा होने वाले स्त्री-शोषण को पहचानकर अपने समाज के लोगों से उसका विरोध करने के लिए कहती हैं-

"मैंने देखा था चुड़कासोरेन!
तुम्हारे पिता को अक्सर हंड़िया पीकर
पिछवाड़े बँसबिट्टी के पास ओघडाए हुए
कठुवाईअँगुलियों से दोना-पत्तल-चटाई बुन
बाज़ार ले जाकर बेचते हुए तुम्हारी माँ को भी
हज़ार-हज़ार कामुक आँखों और सिपाहियों के पंजे झेलती... ।
किसी बाज के चंगुल में चिड़ियों की तरह
फड़फड़ाते हुए एक बार देखा था उसे... ।
देखों तुम्हारे ही आँगन में बैठ
तुम्हारे हाथों बना हंड़िया तुम्हे पिला-पिलाकर
कोई कर रहा है तुम्हारी बहनों से ठिठोली
बीड़ी सुलगाने के बहाने बार-बार उठकर रसोई में जाते
उस आदमी की मंशा पहचानो चुड़कासोरेन।"[8]

यहाँ निर्मला जी चुड़कासोरेन के माध्यम से संपूर्ण आदिवासी समाज को सजग करना चाहती है। उन्हें अपने अस्तित्व और अस्मिता की याद दिलाती है। इन्हीं बाहरी लोगों की घुसपैठ की वज़ह से हो रहे दैहिक शोषण के दर्द को उघारते हुए पुरूषों को ललकारती हुई 'अगर तुम मेरी जगह होते' कविता में लिखती हैं -

"बताओं न कैसे लगता?
जब पीठ थपथपाते हाथ
अचानक माँपने लगते माँसलता की मात्रा
फोटो खींचते, कैमरा के फोकस
होंठो की पपड़ियों से बेखबर
केंद्रित होते छाती के उभारों पर।"[9]

आदिवासी समाज के विकास के नाम पर गैर-आदिवासी समाज उनका शोषण करता रहा है। निर्मला जी इससे वाकिफ़ है। वे चुड़कासोरेन से कहती है -

"उस दिलवार सिंह को मिलकर ढूँढोंचुड़कासोरेन
जो तुम्हारी ही बस्ती की रीता कुजूर को
पढ़ाने-लिखाने का सपना दिखाकर दिल्ली ले भागा
और आनन्द-भोगियों के हाथ बेच दिया।"[10]

